राजस्थान सरकार

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम, जिला राजसमंद

पीठासीन अधिकारी:– विकास शर्मा आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या – 471/2025 प्रार्थना पत्र

जीसीएमएस संख्या – 2025/648

**अनवान**

...त कुमार पिता प्यारेलाल जाति खटीक उम्र 25 वर्ष निवासी पाटिया तहसील भीम जिला ...समंद। ..................... प्रार्थी

**बनाम**

राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार तहसील भीम जिला राजसमंद। ..................अप्रार्थी

स्थिति :–

1. प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री दिलीप कुमार सालवी
2. अप्रार्थी की ओर से पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार भीम

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**निर्णय** दिनांक:– 19/3/2026

1. प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 251 क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 प्रस्तुत किया। जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि वादी की राजस्व ग्राम बालातों की गवार पटवार हल्का भीम भू.अभि. नि. क्षेत्र भीम तहसील भीम जिला राजसमंद के जमाबंदी सम्वत् 2076/2079 के अनुसार खाता संख्या 776 (खाता संख्या पुराना 315), खसरा संख्या 13947 रकबा 0.5099 है0 किस्म बारानी 1 भूमि होकर जमाबंदी दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त वर्णित आराजी के आगे बिलानाम सरकारी जमीन जिसके आराजी नम्बर 13953 कुल किता 01 कुल रकबा 4.8562 है0 किस्म बिलानाम होकर वादी की भूमि तक मौके पर प्रचलित रास्ता है। यह कि उक्त आराजी से जाने वाला रास्ता बिलानाम में होकर पंचायत बालातों की गवार से एन एच 58 तक जाने वाले डामरीकृत रास्ते से जुड़ा है। वादी की खातेदारी भूमि के मध्य कई वर्षो पुराना प्रचलित रास्ता होकर कई वर्षों से वादी निरन्तर कृषि कार्य कर रहे है जिसमें बुवाई के लिए ट्रेक्टर व अन्य वाहन प्रचलित मार्ग से निकलते है तथा कई वर्षों से प्रचलित रास्ते का उपयोग–उपभोग कर रहे है। वादी चाहता है कि वादी की स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त वर्णित आराजियात् आराजी नम्बर 13953 से 30 फीट चौड़ा रास्ता जिसे रिकॉर्ड में बतौर रास्ते के रूप में इन्द्राज करवा दें जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति नही पैदा हो। यह कि उक्त रास्ता आमजन के लिए निरन्तर चलता रहे जिस कारण से वादी उक्त बिलानाम सरकारी भूमि से रास्ता रिकॉर्ड में दर्ज करवावें इसलिए यह वाद पत्र पेश है। वाद पत्र में वादी के विरूद्ध प्रतिवदी के निम्न आशय डिक्री प्रदान करवाई जावे कि –

Scanned with OKEN Scanner

- यह कि मौजा बालातों की गवार पटवार हल्का भीम भू0अभि0नि0 भीम तहसील भीम आराजी नम्बर 13953 कुल किता 01 कुल रकबा 4.8562 है0 किस्म बिलानाम में 30 फीट चौड़ा रास्ता जो निकल रहा है उसे रिकॉर्ड में बतौर रास्ता दर्ज करा मौके पर रास्ता रखा जावें।

र्थी का प्रार्थना पत्र बाद जांच दिनांक 30.12.2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को रिये नोटिस तलब किया गया। जिस पर तहसीलदार भीम से मौका रिपोर्ट तलब की गई। नांक 19.02.2026 को मौका जांच रिपोर्ट मय नक्शा ट्रेस व जमाबंदी की प्रतियां पेश किया जो मिल पत्रावली किया गया। तहसीलदार द्वारा पेश मौका रिपोर्ट के अनुसार–

- राजस्व ग्राम बालातों की गुआर के आ.नं. 13953 रकबा 4.8562 किस्म गै0मु0 मगरी बिलानाम सरकार दर्ज रिकॉर्ड है जिसमें से ल.X चौ. 80 मी. X9मी. – 720 वर्ग मी (0. 0720 है0) यानि 7750 वर्ग फीट रास्ता हेतु प्रस्तावित हैं।
- प्रार्थी की खातेदारी भूमि तक पहुंच मार्ग मौके पर डामरीकृत प्रचलित होकर एनएच 58 तक जुड़ा हुआ है।

हमने पत्रावली का अध्ययन, अवलोकन किया। पत्रावली में संलग्न दस्तावेजों, जमाबंदी की प्रति, नक्शा ट्रेस, व सुसंगत न्यायिक उद्वरणों, साक्ष्यों, दस्तावेजों का अवलोकन, अध्ययन व मनन किया। इससे संबंधित कानूनी पहलुओं का अध्ययन किया। प्रार्थीगण व वकील प्रार्थी की बहस को सुना गया। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन, अवलोकन किया। उपरोक्त अनुसार पटवारी हल्का के मौका पर्चा अनुसार प्रार्थी की आराजी ग्राम बालातों की गुआर पटवार हल्का भीम की आराजी संख्या 13947 किस्म बारानी रकबा 0.5099 दर्ज है। उक्त वर्णित आराजी हेतु पहुंच मार्ग ग्राम पंचायत बालातों की गुआर से मुख्य सड़क बालातों की गुआर एनएच 58 तक पहुंचने वाली ग्रामीण सड़क से आराजी संख्या 13953 किस्म बिलानाम से प्रचलित रास्ता वर्तमान में उपयोग में जा रहा है जिसे प्रार्थी राजस्व रिकॉर्ड में अंकित/दर्ज कराना चाहता है। अतः पटवारी हल्का की रिपोर्ट अनुसार रास्ता रिकॉर्ड किया जावे तो किसी को कोई आपत्ति नही है।

## आदेश

उपरोक्त विवेचना अनुसार प्रार्थी की आराजी ग्राम बालातों की गवार पटवार हल्का भीम भू. भि. नि. क्षेत्र भीम तहसील भीम जिला राजसमंद के जमाबंदी सम्वत् 2076/2079 के अनुसार खाता ख्या 776 (खाता संख्या पुराना 315), खसरा संख्या 13947 रकबा 0.5099 है0 किस्म बारानी 1 भूमि जाने हेतु रास्ता आराजी नम्बर 13953 कुल किता 01 कुल रकबा 4.8562 है0 में उक्त वर्णित आराजी हेतु पहुंच मार्ग ग्राम पंचायत बालातों की गुआर से मुख्य सड़क बालातों की गुआर एनएच 58 क पहुंचने वाली ग्रामीण सड़क से तहसीलदार भीम द्वारा पेश मौका रिपोर्ट अनुसार 30 फिट चौड़ा रास्ता दर्ज रिकॉर्ड किया जावे। वादी नियमानुसार रास्ते के रूप में उपयोग की गई भूमि के बदले डीएलसी की दुगुनी प्रतिकर राशि प्रतिवादी तहसीलदार भीम को भुगतान करें। तहसीलदार भीम संलग्न मौका रिपोर्ट के अनुसार लाल स्याही से अंकित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते के रूप में दर्ज कर मौके पर रास्ता खुलवाया जाकर पालना से न्यायालय को अवगत करावे। तहसीलदार द्वारा पेश मौका रिपोर्ट इस निर्णय का अभिन्न अंग रहेगी। तहसीलदार भीम आवश्यकता अनुसार पुलिस जाब्ता थानाधिकारी पुलिस थाना भीम से प्राप्त करें। थानाधिकारी पुलिस भीम को पालना हेतु तहरीर

उपखण्ड अधिकारी (राजसमन्द)

जारी हो। तहसीलदार भीम को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पक्षकारान खर्चा अपना–अपना वहन करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 19/3/26 को सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भीम
(seal: सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी • भीम (राजसमन्द))

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द